>

Title: Need to provide immediate financial assistance to the patients seeking help from Prime Minister's National Relief Fund.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): प्रधानमंत्री राहत कोष से आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब, बीमार व्यक्ति आज समय से लाभ नहीं उठा पा रहा है। ज्ञातव्य रहे कि इस कोष से अन्य कामों के साथ मरीजों के इलाज हेतु आर्थिक अनुदान दिया जाता है, परन्तु मरीजों के अनुदान में एक त्रुटिपूर्ण व्यवस्था से हजारों-लाखों मरीजों को कोष से आर्थिक अनुदान मिलने में बाधा आ रही है।

वर्तमान में इस कोष के तहत सांसदों द्वारा मरीजों के इलाज हेतु की गई संस्तुतियों की लॉटरी निकाली जाती है और लॉटरी के बाद आवेदनों को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया जाता है, यह व्यवस्था अत्यंत असंतोषजनक है, क्योंकि जिस गंभीर बीमार व्यक्ति को आज इलाज की आवश्यकता है, उसे यदि 6 माह या 1 वर्ष बाद स्वीकृत धनराशि मिलेगी तो वह शायद ही जिंदा रह सकेगा। हजारों रोगियों को इस व्यवस्था से समय पर इलाज मुहैया नहीं हो पा रहा है जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति इलाज के अभाव में दम तोड़ देता है।

मेरी मांग है कि प्रधानमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए सांसदों द्वारा लिखे गए पत्रों पर अविलम्ब इलाज के पात्र व्यक्तियों के लिए इलाज हेतु अनुदान उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।